**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 14.02.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा – रेडियों कई लोगों के लिए जीवनरेखा रहा है।
2. अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह के सांसद बिष्णु पद ने हाल ही में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की ।
3. पांचवे वित्त आयोग ने कल मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सचिवालय में बैठक की।

और

4. श्री विजयपुरम के राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड की ओर से मछली संरक्षण और मूल्य संर्वधन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

<><><><><><><>

कल विश्व रेडियो दिवस मनाया गया। इस वर्ष का विषय रेडियों और ''जलवायु परिवर्तन'' रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व रेडियों दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रेडियों कई लोगों के लिए जीवन रेखा रहा है। इस अवसर पर सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आकाशवाणी उन्नीस सौ छत्तीस से ही भारतीय प्रसारण का आधार रही है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का भी एक वीडियो साझा किया, जो लोगों के साथ रेडियो के गहरे जुड़ाव को दर्शाता है। इस दिवस के अवसर पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए आकाशवाणी के महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने कहा कि लगभग नौ दशकों से आकाशवाणी श्रोताओं तक सूचना, शिक्षा और मनोरंजन पहुंचा रहा है।

श्री विजयपुरम के आकाशवाणी परिसर में भी विश्व रेडियो दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अवकाश प्राप्त प्रभागीय वन अधिकारी भानु प्रताप यादव आर जी टी पब्लिक विद्यालय की प्रधानाचार्या रीता बैनर्जी और थिएटर आर्टिस्ट शेख फारूख आलम विशिष्ट अतिथि थे। भानु प्रताप यादव ने अपने संबोधन में कहा कि रेडियों लोगों तक जानकारी पहुचाने का एक सशक्त और विश्वसनीय माध्यम है। आपदा के समय रेडियों एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कराता है। रीता बैनर्जी ने कहा कि रेडियों समाज को जलवायु संकट के प्रति सजग और सक्रिय कर सकता हैं। इस अवसर पर आकाशवाणी श्री विजयपुरम के अधिकारी गण और अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह के सांसद बिष्णु पद ने हाल ही में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और द्वीपसमूह से संबंधित कई लम्बे समय से लम्बित मुद्दों पर चर्चा की। बैठक के दौरान सांसद बिष्णु पद रे ने द्वीप के निवासियों को प्रभावित करने वाले प्रमुख मुद्दों पर प्रकाश डाला, जिनमें तत्काल हस्तक्षेप और समाधान की आवश्यकता है। गृह मंत्री ने सांसद को आश्वासन दिया कि मंत्रालय उठाए गए मुद्दों पर शीघ्र ध्यान देगा तथा उनका समाधान करेगा। सांसद बिष्णु पद रे ने गृह मंत्री के आभार व्यक्त किया और यह उम्मीद जताई के इन मुद्दों का समय पर समाधान द्वीपसमूह के लिए महत्वपूर्ण राहत और विकास लाएगा।

<><><><><><><>

पांचवां वित्त आयोग के अध्यक्ष अनिल कुमार झा ने कल मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सचिवालय में बैठक की। इस दौरान आयोग ने श्री विजयपुरम, नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष और पार्षदों के साथ बैठक की। परिषद के कॉन्फ्रेन्स हॉल में आयोजित इस बैठक में विभिन्न विकासात्मक मुद्दों पर विचार–विमर्श किया गया। नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष ने वित्त आयोग का स्वागत करते हुए बुनियादी ढ़ांचे का विकास सार्वजनिक सेवाओं के सशक्तिकरण और वित्तीय स्थिरता से जुड़े विषयों पर गहन विचार–विमर्श किया। चर्चा के दौरान वित्तीय संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और क्षेत्र के समग्र विकास को प्राथमिकता देने पर ज़ोर दिया गया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड की ओर से मछली संरक्षण और मूल्य संर्वधन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन कल मत्स्य सचिव ज्योति कुमारी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी। इस दौरान प्रशिक्षुओं को मत्स्य उत्पादो के विकास से जुड़े सभी पहलुओं की जानकारी दी जाएगी। मत्स्य विभाग प्रशिक्षुओं को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के माध्यम से व्यावसयिक गतिविधियां शुरू करने के लिए सहायता प्रदान करेगा। इस अवसर पर अपने संबोधन में सचिव ज्योति कुमारी ने इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से पैकेजिंग, माकेटिंग तथा उसके उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार पुलिस ने ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से हाल ही में जांच अधिकारियों के लिए एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया। पुलिस मुख्यालय के कॉन्फ्रेन्स हॉल में आयोजित इस सत्र का उद्देश्य आपराधिक जांच में शामिल अधिकारियों के कानूनी ज्ञान और जांच के कौशल को बढ़ाना था। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश सुधीर कुमार ने की। इस अवसर पर न्यायाधीश दिपेन नाथ मित्रा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अर्कब्रती नियोगी और प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट अनुपम सरकार सहित अन्य पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर न्यायाधीश सुधीर कुमार ने अपने विचार व्यक्त किए तथा विभिन्न जांच प्रक्रियाओं पर कानूनी अवधारणाओं पर स्पष्ट किया। इस सत्र को पुलिस और न्यायपालिका के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में सराहा गया, जिससे अंतः द्वीपसमूह में जांच प्रक्रिया को मजबूती मिलेगी।

<><><><><><><>

सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अंडमान निकोबार ट्रैफिक पुलिस द्वारा श्री वियजपुरम में एक मोटर साइकिल रैली आयोजित की गई, यातायात पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार मीना ने श्री विजयपुरम में रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली का उद्देश्य हेलमेट पहनने और सड़क सुरक्षा मानदंडों का पालन करने के महत्व को सुनिश्चित करना, तथा लोगों, विशेषकर युवाओं को हेलमेट के जीवन–रक्षक लाभों के बारे में जागरूक करना था। रैली में विभिन्न स्कूलों के पचास से अधिक छात्रों ने भाग लिया। ट्रैफिक पुलिस का यह अभियान सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और सुरक्षित यातायात को बढ़ावा देने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के दूरदर्शन केंद्र की ओर से आज "विभिन्न प्रकार के रक्त–स्राव–कारण और उपचार" विषय पर लाइव फोन–इन कार्यक्रम 'डॉक्टर्स स्पीक' का प्रसारण किया जाएगा। जनरल और मिनिमल एक्सेस सर्जरी में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मोहम्मद मुस्तफा पी. पी. विशेषज्ञ के रूप में दर्शकों के प्रश्नों का उत्तर देंगे। कार्यक्रम आज शाम साढ़े पांच बजे प्रसारित किया जाएगा। दर्शक फोन नंबर–दो चार चार सात चार पांच या दो चार पांच छः छः दो पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के सभागार में बारह फरवरी को जे एन आर एम के जॉलोजी के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. टी. सी खतरी और द्वीपों के बटरफलाई मैन के नाम से लोकप्रिय स्वर्णीय डॉ. टी.सी खतरी की स्मृति में आठवां व्याख्यान आयोजित किया गया, ताकि उनके योगदान को याद किया जा सके। इस वर्ष भारतीय मत्स्य सर्वेक्षण के ज़ोनल निदेशक डॉ. विनोद कुमार मुधुमाला ने इस अवसर पर अपने विचार रखे।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

मत्स्य सचिव ने मत्स्य मूल्य संर्वधन पर प्रशिक्षण का उद्घाटन किया–**द्वीप समाचार** ने इस खबर को पहले पन्ने के मध्य में सचित्र प्रकाशित किया है। अखबार ने राष्ट्रीय लोक अदालत आठ मार्च को आयोजित करने के समाचार को भी प्रमुखता से प्रकाशित किया है। डीब्रेट में दो दिवसीय वर्चुअल लैब कार्यशाला का आयोजन करने के समाचार को **द डेली टेलीग्राम्स** ने पहले पन्ने के निचले भाग में जगह दी है। **इंफो इंडिया** ने प्रातरापुर गांव से अतिक्रमण हटाए जाने के समाचार को प्रथम पृष्ठ के उपरी भाग में सचित्र प्रकाशित किया है। अखबार ने रंगत में मिनी मैराथॉन का आयोजन करने के समाचार को भी प्रकाशित किया है। वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा मार्च से इन–लाइन–बैगेज हैण्डलिंग सिस्टम शुरू करेगा–**इको ऑफ इंडिया** की बडी खबर है। पांचवां वित्त आयोग के नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष और पार्षदों के साथ बैठक करने के समाचार को – **अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।**

**<><><><><><><>**